हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 23 फरवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 प्रार्थना स्वीकार होने पर ओरछाधीश को 6वीं बार भेंट...



07 दो साल से खुदे पड़े रोड से आजिज आए वार्ड वासियों...



## खबर संक्षेप



### मकरोनिया सागर की अपेक्षा सिंघई का सिविल जज में चयन

**सागर।** मकरोनिया सागर निवासी अपेक्षा सिघई का चयन 2026 में छत्तीसगढ़ सिविल जज के पद पर चयन हुआ। पिता निशीकांत सिंघई जनपद पंचायत बटियागढ़ में पदस्थ है। मां नेहा सिंघई गृहणी है। अपेक्षा ने हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी कान्वेंट स्कूल सागर, बी ए. एलएलबी डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर एवं एल एल एम शासकीय कॉलेज इंदौर किया साथ में सिविल जज की तैयारी की और 2026 छत्तीसगढ़ सिविल जज परीक्षा में चयन हुआ। अपेक्षा ने कहा कि वह अपने माता-पिता को इसका श्रेय देती हैं, पिताजी का सपना था बेटी को सिविल जज बनाने का और आज उनकी इच्छा पूर्ण हुई।

### मालथौन में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन

**सागर।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालथोन में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के अधिकारी, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, किसान संघ के प्रतिनिधि, उर्वरक विक्रेता, क्षेत्र के उन्नतशील कृषक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धरती माता बचाओ अभियान, जैविक प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, प्रति बूंद अधिक फसल, ई उर्वरक टोकन प्रणाली, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार प्रसार, कृषि यंत्रों की जानकारी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी आदि के बारे में कृषकों को विधिवत जानकारी दी गई।

### किसान, गोबर और गौ-मूत्र से खाद बनाएं

**सागर।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जान गए है और अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। मध्यप्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गौ-मूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है। प्रदेश में प्राकृतिक उत्पाद की मांग बढ़ी है।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

---

वन समितियों की पहल और 1500 युवाओं की काउंसलिंग

# दक्षिण सागर वन मंडल के 7 रेंजों में 1700 युवाओं की हुई काउंसलिंग सागर सांसद लता वानखेड़े ने 200 युवाओं को सौंपे ऑफर लेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




मुख्य वन संरक्षक रिपुदमन भदौरिया के गरिमामय मार्गदर्शन एवं वन मंडल अधिकारी दक्षिण सागर के कुशल नेतृत्व में आज स्थानीय परिसर में 'रोजगार शिविर' एवं ऑफर लेटर वितरण का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस शिविर का मुख्य ध्येय क्षेत्रीय एवं वनांचल के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना रहा।

विभाग द्वारा 18-20 फरवरी तक दक्षिण सागर वन मंडल की सभी 7 रेंजों में विशेष काउंसलिंग शिविर आयोजित किए गए थे। उल्लेखनीय है कि शिविरों का आयोजन स्थानीय 'वन समितियों' द्वारा किया गया, जो संयुक्त वन प्रबंधन समिति की सक्रियता और सामाजिक सरोकार का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इन तीन दिवसीय शिविरों में 1700 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से इच्छुक युवाओं को आज मुख्य कार्यक्रम में आमन्त्रित किया गया था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, सागर संसदीय क्षेत्र की माननीय सांसद लता वानखेड़े ने काउंसलिंग के पश्चात अतिम रूप से इच्छुक लगभग 200 युवाओं को संबोधन किया और ऑफर लेटर वितरित किए।

युवाओं को संबोधित करते हुए सांसद लता वानखेड़े ने कहा, आज का युवा केवल नौकरी चाहने वाला नहीं, बल्कि अपने कौशल से राष्ट्र-निर्माण में योगदान देने वाला सामर्थ्यवान नागरिक है। शासन की योजनाओं और वन विभाग की वन समितियों के इस सराहनीय प्रयास से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान युवाओं को सीधा मंच मिला है। विश्वस्तरीय कंपनियों में हमारे युवाओं का चयन आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सागर के अतुलनीय योगदान को दर्शाता है।

विभागीय नेतृत्व एवं मार्गदर्शनः शिविर के दौरान विभाग के प्रशिक्षु अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। आईएफएस प्रोबेशनर जय प्रकाश एवं आईएफएस प्रोबेशनर स्वस्तिक यदुवंशी ने युवाओं से सीधा संवाद किया और उन्हें आधुनिक कार्य-संस्कृति व करियर चयन के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया।

प्रशासनिक व्यवस्था एवं क्रियान्वयनः संपूर्ण कार्यक्रम के प्रशासनिक प्रबंधन में एसडीओ विनीता जाटव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में अभ्यर्थियों के पंजीयन और साक्षात्कार की प्रक्रिया को अत्यंत पारदर्शी और व्यवस्थित रखा गया। क्षेत्रीय स्तर पर इस आयोजन को सफल बनाने में परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) सागर विकास सेठ एवं उनकी पूरी टीम ने समर्पित भाव से कार्य किया।



## कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम कीर्ति स्तंभ पर हुआ संपन्न

**सागर।** फरवरी माह के इस अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम कीर्ति स्तंभ पर स्वतंत्रता सेनानी स्व.भाई अब्दुल गनी के पुत्र मुख्य अतिथि रफीक गनी के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रफीक गनी ने सेवादल की कांग्रेस में महत्ता को बताते हुए कहा कि कांग्रेस सेवा दल की स्थापना डा. नारायण सुब्बाराव द्वारा की गई थी। पंडित जवारलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक अपनी इस परंपरा को कायम रखे हुए है। देश में एकता, अखंडता को बनाए रखने में कांग्रेस सेवा दल की हमेशा प्रमुख भूमिका रही। मुख्य अतिथि ने 24 फरवरी को भोपाल में होने वाले विधानसभा घेराव में सभी कांग्रेस जनों को उपस्थित रहने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सेवादल महासचिव विजय साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ओर संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम के अंत मे सभी सेवादल परिवार जनों ने वरिष्ठ कांग्रेसी धर्मेंद्र चौधरी, एड.शिव शंकर तिवारी और रवि सोनी के भाई के निधन पर मौन रखकर आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में आशीष ज्योतिषी, हेमराज रजक, शरद पुरोहित अभिलाष चौधरी, दीनदयाल तिवारी, रिषम जैन प्रेमनारायण विश्वकर्मा, योगराज कोरी रजिया खान, नितिन पचौरी, प्रीतम यादव, कल्लू पटेल, आदिल राइन, भूरे खटीक, अरविंद ठाकुर, रवि जैन, परख शुक्ला, अंकुर यादव, प्रवीण यादव, लल्ला यादव, अमर श्रीवास्तव,पंकज सोनी, उमेश लोधी, संतोष रैकवार, अनीश वाल्मीकि, लाखन लोधी, राहुल खटीक आदि जन उपस्थित रहे।




## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में सागर नगर निगम प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में नगर निगम सागर ने सी एम हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 99.74 वेटेज स्कोर के साथ "ए" ग्रेड प्राप्त कर मध्यप्रदेश के 16 नगर निगमों में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि शहर के लिए एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान है। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रतिमाह मध्यप्रदेश के 16 नगर निगमों में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया जाता है। इस मूल्यांकन में सागर नगर निगम ने शिकायतों के त्वरित एवं संतोष जनक निराकरण के आधार पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित किया। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों की निरंतर समीक्षा एवं मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि नागरिकों की शिकायतों का समय-सीमा में स्थल पर पहुंचकर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रभावी कार्यप्रणाली के कारण नगर निगम ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। नगर निगम आयुक्त खत्री ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर संतोषजनक निराकरण ही इस सफलता का मुख्य कारण है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते हुए नगर निगम की प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## पूर्वमंत्री गोपाल भार्गव ने किया रहस मेला कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



सागर जिले के गढ़ाकोटा के ऐतिहासिक रहस मेला परिसर में 26 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले 3 दिवसीय रहस मेले के 3 दिन पूर्व, पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव ने मेले की तैयारी एवं व्यवस्थाओं के लिए सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ की बैठक ली। बैठक के बाद पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव एवं अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप पाराशर ने रहस मेला कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। रहली एसडीएम कुलदीप पाराशर एवं रहस लोकोत्सव समिति अध्यक्ष अभिषेक भार्गव ने बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों एवं उनके कर्मचारियों सहित कार्यकर्ताओ को मेले की व्यवस्थाओं के दायित्व दिए गए।आयोजक विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि ऐतिहासिक दृष्टिकोण से रहस मेला काफी पुराना मेला है। पहले यह मेला पशुओं के क्रय-विक्रय तक सीमित था। लेकिन धीरे धीरे मेले को वृहद स्वरुप प्रदान किया जाता रहा है। किसी व्यक्तिगत संपत्ति नहीं है हम सभी की धरोहर है मेले में शासन द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं का लाभ मेले में ही दिया जाने लगा है। मेले की सार्थकता तब है जब अधिक से अधिक हितग्राहियों को शासकीय योजना का लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य को लेकर मेले में स्वास्थ्य शिविर से लेकर अधिकांश विभागों को समस्या निवारण एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हित ग्राहियों को पहुंचाना है। विभिन्न हितग्राही मूलक कार्यक्रम को रखा जाएगा।

रहस मेला गढ़ाकोटा ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश की शान है। इकलौता मेला 217 वर्षों से लगातार अनवरत रूप से भर रहा है। मेला हमारी धरोहर हमारा इतिहास है। इतने बरसों तक लगाना आसान बात नहीं है। सभी विभागों के स्टाइल लगते हैं। एक छत के नीचे शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। मेले में 26 फरवरी को तीन दिवसीय रहस लोकोत्सव का उद्घाटन होगा। संचालन विक्की जैन ने किया। बैठक में पूर्व मंत्री पीए डॉ. के.के खरे, दिनेश लहरिया, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, सुरेश कपस्या, संजय दुबे, बसंत यादव, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल, एसडीओ दिनेश रावत,गढ़ाकोटा एवं रहली सीएमओ धनंजय गुमास्ता, शाहपुर सीएमओ बालकिशन पटेल, अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। आभार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने व्यक्त किया।

## भगवत प्राप्ति का पहला सूत्र है 'गुणग्राही' बनना: आशीर्वाद महाराज जी



**रहली।** स्थानीय देवलिया मंडपम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन रविवार को भावपूर्ण वातावरण में हुआ। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आशीर्वाद महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की हृदयस्पर्शी लीलाओं का वर्णन करते हुए सुदामा चरित्र की मार्मिक व्याख्या की, जिसे सुनकर पाण्डाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महाराज श्री ने कहा कि भगवत प्राप्ति का मार्ग बहुत कठिन नहीं है, बस हमारी दृष्टि में बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्य सूत्रों पर प्रकाश डालते हुए बताया: गुणग्राही दृष्टिः दूसरों में दोष ढूंढने के बजाय उनके गुणों को देखना ही भगवत प्राप्ति का पहला सूत्र है। जब व्यक्ति दूसरों के गुणों को अपनाता है, तो उसका अंतःकरण शुद्ध हो जाता है। कामना रहित प्रेमः भगवान की भक्ति किसी सांसारिक इच्छा या लालच के लिए नहीं, बल्कि निस्वार्थ प्रेम के साथ करनी चाहिए। ऐसी प्रेममय भक्ति ही ईश्वर को आपके करीब लाती है। नाम जप की महिमाः कलयुग में भगवान का नाम जप सर्वश्रेष्ठ है। यह प्रभु से जुड़ने का सबसे सहज और सरल उपाय है। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि संसार में श्रीकृष्ण जैसा मित्र मिलना असंभव है। उन्होंने बताया कि सुदामा की दीनता देख द्वारकाधीश नंगे पैर दौड़ पड़े और अपने आंसुओं से मित्र के पैर धोए। यह प्रसंग सिखाता है कि भगवान केवल प्रेम और समर्पण के भूखे हैं, धन-दौलत के नहीं। कथा के समापन पर महाआरती का आयोजन किया गया।

## परसोंन में जम रहा जुआ फड़, पुलिस बेखबर

**मालथौन।** पुलिस की नाक के नीचे और कानून को ठेंगा दिखाते हुए मालथौन थाना क्षेत्र का परसोन गांव इन दिनों जुआरियों का अड्डा बना हुआ है। बीते कुछ समय से यहाँ जुए का अवैध कारोबार कॉर्पोरेट ऑफिस की तरह संगठित रूप से फल-फूल रहा है। खेतों और सुनसान ठिकानों पर रोजाना लाखों की हार-जीत हो रही है, लेकिन अफसोस कि कानून के रक्षक ही इस अवैध साम्राज्य के 'सारथी' बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार इस पूरे जुआ सिंडिकेट के पीछे मालथौन थाने के आरक्षक की सीधी संलिप्तता है। चर्चा है कि यह आरक्षक न केवल जुआरियों को पुलिसिया रेड की पल-पल की अपडेट देता है, बल्कि पूरे खेल का 'मैनेजमेंट' भी संभाल रहा है। खेल से निकलने वाली मोटी रकम का एक बड़ा हिस्सा 'कमीशन' के तौर पर इस आरक्षक के माध्यम से सिस्टम के विशेष गलियारों तक पहुँच रहा है। जिसके चलते अपराधी पुलिस के खौफ से पूरी तरह मुक्त हैं। परसोन के आसपास चल रहे इस 'फड़' की गूँज अब पूरे जिले में है। यहाँ न केवल स्थानीय बल्कि जिले भर के नामी जुआरी अपनी लग्जरी गाड़ियों से पहुँच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संदिग्ध बाहरी वाहनों की आवाजाही ने गांव का माहौल खराब कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि जहाँ आम जनता को भी इस अवैध कारोबार की खबर है, वहीं मालथौन पुलिस को खबर नहीं हैं। नवीन जैन थाना प्रभारी मालथौन। का कहना हैं कि जुआ कहां चल रहा है इसकी जानकारी नहीं हैं पता लगाकर कार्यवाही करते हैं।

## आनंद वृद्ध आश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आयुर्वेद एवं आहार कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के आयुष विभाग के तत्वाधान में समग्र कल्याण एवं योग कार्यक्रम के अंतर्गत "गतिज एवं मानसिक सुधार कार्यक्रम" के तहत आनंद वृद्ध आश्रम मे निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, योग, आयुर्वेद एवं आहार कार्यशाला का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. पारुल सारस्वत (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) एवं डॉ. रवि कुमार मिश्रा (होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी) द्वारा 65वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मौसम परिवर्तन में अपने को मौसमी बीमारियों से कैसे बचाएं इसके उपायों के बारे में उअवगत कराया एवं स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु संतुलित आहार, दिनचर्या, योग एवं आयुर्वेदिक जीवनशैली का महत्व बताया गया। उन्होंने कहा कि आत्मा, मन और शरीर का सामंजस्य ही वास्तविक स्वास्थ्य है।आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक एवं योग सहायकों द्वारा सूक्ष्म व्यायाम कटी संचालन प्राणायाम अनुलोम विलोम आदि योगाभ्यास करवाया गया, शिविर में प्रताप सिंह लोधी, रमाकांत अहिरवार,आशुतोष रावत,आरती साहू का विशेष सहयोग रहा।



## 21 मरीजों को उनके परिजनों सहित 5 एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल इलाज हेतु रवाना किया

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में प्रत्येक रविवार की भांति हृदय, कैंसर,हड्डी एवं गैंगरीन जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित उपचाररत मरीजों से पूर्व मंत्री पं गोपाल भार्गव ने निज निवास गणनायक पर भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा सभी को शीघ्र स्वस्थ होने हेतु आश्वस्त किया। भार्गव ने बताया कि रविवार को 21 मरीजों को उनके परिजनों सहित 05 एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल इलाज हेतु रवाना किया गया। इनमें 2 हृदय रोगी, 4 कैंसर मरीज, 6 हड्डी रोग से पीड़ित एवं 02 छोटे बच्चे, जिनके हृदय में छेद शामिल हैं। सभी मरीज रात्रि मेरे भोपाल स्थित निवास पर विश्राम करेंगे तथा कल चिकित्सकीय आवश्यकता अनुसार संबंधित अस्पतालों में भर्ती कराया जाएगा, ताकि उन्हें समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध हो सके।

## राष्ट्रीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन लोकनाट्य परंपरा पर हुआ संवाद सत्र

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में उत्तर-मध्यक्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय, के संयुक्त तत्वावधान में 20 फरवरी से 24 फरवरी को पाँच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 21 फरवरी को सांस्कृतिक परिषद् के परिसर में प्रसिद्ध रंगकर्मी डॉ. बृजेश रिछारिया ने लोकनाट्य परंपरा एवं नाट्यशास्त्र विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. रिछारिया ने कहा कि लोक और शास्त्र को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। लोक और शास्त्र परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। नाट्यशास्त्र इन दोनों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। उन्होंने नाटक की मूल प्रकृति को स्पष्ट करते हुए कहा कि नाटक मानव जीवन की अभिव्यक्ति है, जिसकी परिभाषा 'अनुकरण' या 'नकल' में निहित है। उन्होंने बताया कि नाट्यशास्त्र को 'पंचम वेद' कहा गया है, क्योंकि इसमें ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद के तत्वों का समावेश है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युग का अपना एक वेद होता है, जो उस काल की सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना को प्रतिबिंबित करता है।

---

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मकरोनिया द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन

# उमंग सिंघार का अपमान नहीं समूचे मध्य प्रदेश का अपमानः भूपेंद्र मोहासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र मोहासा ने कहा है कि ये उमंग सिंघार का अपमान नहीं बल्कि समस्त आदिवासी वर्ग का अपमान है। यह बात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मकरोनिया द्वारा आयोजित मंत्री कैलाश विजयवर्गी के पुतला दहन कार्यक्रम में कहीं साथ ही उन्होंने कहा है भाजपा के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का औकात में वाले बयान से भाजपा की आदिवासीयों के प्रति घृणित सोच को उजागर करता है। उमंग सिंघार का अपमान नही समूचे मध्य प्रदेश का अपमान है

मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा विधानसभा प्रभारी नरयावली लक्ष्मण सिंह ने कहा कि याद रखिए मंत्री जी लोकतंत्र में असली ताकत जानता है कुर्सी नहीं, जिस जनता को आप औकात याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं वही जनता चुनाव के दिन असली औकात दिखा देती है।

पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि जनता को कीड़े मकोड़े समझने की मानसिकता रखने वाले मंत्री विजयवर्गीय ने असल मे अपने अहिंकार का परिचय दिया है। 35 परिवार उजड़ गये लोग बेघर हो गए और हमारे नेता प्रतिपक्ष सवाल पूछते हैं तो औकात में रहने को कहा जाता है यह कैसा प्रजातंत्र है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र कुर्मी, संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर, आर आर पाराशर, दीपक दुबे, अवधेश तोमर, शैलेन्द्र तोमर, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, एड कमलेश सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी, मनोज राय, हेमंत लारिया, पार्षद सीमा कमल चौधरी, पूर्व सरपंच कमल रानी आदिवासी, अवधेश सिंह ठाकुर, कोमल सिंह, राजा बुदेला, आनंद सोलंकी, अशोक कुशवाहा, देशराज यादव, हीरालाल चौधरी, साहित्य पांडे, सागर साहू, चक्रेश रोहित, अमित नायक, मोतीलाल पटेल, बिहारी कुर्मी, दिनेश गौर, दुर्गेश अहिरवार, प्रमोद मिश्रा, अजय अहिरवार, मदन सेन, राजा आज़ाद, सुनील चौधरी, प्रीतम अहिरवार, जयदीप तिवारी, कपूर अहिरवार, मनमोहन अहिरवार, राजू डिक्स, राजेन्द्र साहनी, अजय बमदेले, आनंद अहिरवार, रमाकांत चौबे, एड उधम सिंह, सुरेश यादव, सुजीत मौर्य, प्रदीप अहिरवार, पप्पू सेन, अहिरवार, कल्याण अहिरवार, नंदराम अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

भाजपा नेता ने क्षेत्र के महाराजा को चढ़ाया 11 किलो लड्डुओं का प्रसाद

# प्रार्थना स्वीकार होने पर ओरछाधीश को 6वीं बार भेंट किया गजरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

क्षेत्र में विकास से संबंधित मांग को सबसे पहले ओरछाधीश रामराजा सरकार के समक्ष रखकर उस मांग को पूरी किए जाने की प्रार्थना करना और फिर राजनैतिक स्तर पर प्रयास करने पर जब उक्त मांग पूरी हो जाए तो प्रभु रामराजा सरकार के समक्ष गजरा भेंट किए जाने की जो परंपरा भाजपा नेता विकास यादव ने शुरू की वो अब नियमित होती जा रही है। जिसके फलस्वरूप प्रभु रामराजा सरकार की कृपा के चलते विश्व प्रसिद्ध पर्यटन व धार्मिक नगरी ओरछा क्षेत्र में कई विकास कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। साथ ही उक्त कार्य भी प्रारंभ हो चुके हैं। लेकिन अब भाजपा नेता विकास यादव ने 6वीं बार प्रभु रामराजा सरकार को गजरा भेंट करके इस बार ओरछा क्षेत्र से संबंधित सबसे बड़ी मांग पूर्ण करवा ली।

### 6वीं बार में कराई ओरछा में अब तक की सबसे बड़ी मांग पूर्ण

भाजपा नेता विकास यादव ने ओरछाधीश प्रभु रामराजा सरकार के ओरछा क्षेत्र में केंद्र सरकार से 658 करोड़ रूपए लागत से बनने बाले ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे की अब तक की सबसे बड़ी सौगात प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। जिसमें राजनैतिक स्तर पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूर्ण मदद की है। उक्त सौगात मिलने पर भाजपा नेता विकास यादव ने ओरछा पहुंच कर श्री रामराजा सरकार के श्री चरणों में अपना 6 वाँ गजरा भेंट किया और 11 किलो लड्डुओं का प्रसाद लगाकर भक्तों को वितरित किया है। भाजपा नेता विकास यादव ने बताया कि ओरछाधीश प्रभु रामराजा सरकार की कृपा और केंद्रीयमंत्री सिंधिया के सहयोग से ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे के रूप में उनकी 6 वीं मांग पूरी होने पर आज रामराजा सरकार को 6 वाँ गजरा भेंट किया गया है।

### सुगम आवागमन सहित व्यापार और पर्यटन को मिलेगी गति

भाजपा नेता विकास यादव ने ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे रूप में सौगात की स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस हाईवे का निर्माण होने से स्थानीय लोगों सहित देशी विदेशी पर्यटकों को क्षेत्र में सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा ग्रीन फील्ड लेन हाईवे बनने से क्षेत्र में व्यापार एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिलेगी। और यह कार्य होने से ओरछाधीश की प्रजा सुबिधा संपन्न होगी। और यह सब प्रभु रामराजा सरकार की कृपा से ही संभव हो पाया है।

### उदयपुर इंटरसिटी मांग से प्रारंभ हुआ था गजरा भेंट करने का सिलसिला

भाजपा नेता विकास यादव ने पूछने पर जानकारी देते हुए बताया कि वह विगत एक वर्ष से ओरछा के विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार से विकासकार्य रूपी योजनाओं की मांग कर रहे हैं। और प्रत्येक मांग को सर्वप्रथम ओरछाधीश प्रभु रामराजा सरकार श्रीचरणों में रखता हूं। जिससे हम अपने प्रयासों में शीघ्र सफलता प्राप्त कर सकें। इसके बाद राजनैतिक प्रयास करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष उक्त मांग को रखता हूं। और जब भी कोई मांग पूरी होती है तो वह श्री रामराजा सरकार के श्री चरणों में एक गजरा भेंट करने सरकार के दरबार में अपनी हाजिरी देते हैं। इस प्रकार यह 6वीं मांग पूर्ण होने पर 6वां गजरा भेंट किया गया है। इसके पूर्व उदयपुर इंटरसिटी, बुंदेलखंड एक्सप्रेस, रेलवे अंडर ब्रिज, ओरछा मड़ोर चकरपुर एवं जेरोन बासवान रमपुरा मार्गों की स्वीकृति मिलने पर क्रमशः 5 गजरे श्रीरामराजा सरकार को भाजपा नेता विकास यादव द्वारा भेंट किए जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा जिलाव्यापी अभियान

# कनेरा चौकी क्षेत्र में छात्राओं से संवाद कर दिया साइबर सुरक्षा का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

डिजिटल युग में बढ़ती ऑनलाइन सुविधाओं के साथ साइबर अपराधों की चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति सजग एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले में पुलिस द्वारा व्यापक साइबर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में निरंतर क्रियान्वित हो रहा है। अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन सतर्कता एवं त्वरित शिकायत प्रणाली के प्रति जागरूक करना है।

21 फरवरी को चौकी कनेरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिमरा खुर्द स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं के लिए विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। पुलिस टीम ने सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रचलित साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गईं। जिनमें ऑनलाइन बैंकिंग एवं यूपीआई संबंधी धोखाधड़ी, फर्जी लोन ऐप एवं निवेश प्रलोभन, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, वीडियो कॉल के माध्यम से ब्लैकमेलिंग, नकली जॉब ऑफर एवं अन्य ऑनलाइन ठगी के बारे में जागरूक किया गया। प्रतिभागियों को समझाया गया कि छोटी-सी असावधानी भी आर्थिक एवं मानसिक हानि का कारण बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं महिलाओं के लिए पृथक संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें साइबर स्टॉकिंग एवं ऑनलाइन उत्पीड़न से बचाव, फर्जी प्रोफाइल, मॉर्फिंग एवं डिजिटल ब्लैकमेलिंग से सुरक्षा उपाय, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर त्वरित संपर्क की आवश्यकता के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत करना नुकसान को सीमित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

एसपी मंडलोई द्वारा संचालित उक्त अभियान के तहत जिले में 456 से अधिक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। 79 हजार से अधिक नागरिकों तक डिजिटल सुरक्षा संदेश पहुँचा है। युवाओं एवं महिलाओं में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यह व्यापक सहभागिता दर्शाती है कि संवाद आधारित पहल से डिजिटल सुरक्षा के प्रति सामुदायिक सजगता मजबूत हो रही है। कनेरा चौकी प्रभारी आकाश रूसिया ने बताया कि एसपी मंडलोई द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुसार पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि जागरूक, सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल समाज का निर्माण है।

मुख्यालय समेत सभी थानों पर आयोजित हुए ध्यान शिविर

# ध्यान और आत्मचिंतन से मजबूत किया जा रहा पुलिस का मनोबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

ध्यान और आत्मचिंतन से जिले के पुलिस का मनोबल मजबूत होगा। इस उद्देश्य के तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में पुलिस बल के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण हेतु नियमित ध्यान एवं आत्मचिंतन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। यह पहल पुलिस कर्मियों के समग्र कल्याण को केंद्र में रखकर प्रारंभ की गई है, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन संतुलित मन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर सकें।

पुलिस मुख्यालय एवं हार्टफुलनेस संस्थान के मध्य संपन्न एमओयू के चलते पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश के समस्त जिलों में पुलिस बल के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण हेतु नियमित ध्यान एवं आत्मचिंतन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। यह पहल पुलिस कर्मियों के समग्र कल्याण को केंद्र में रखकर प्रारंभ की गई है, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन संतुलित मन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर सकें।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में दिनांक 22 फ़रवरी को जिले के जिला मुख्यालय सहित समस्त थाना एवं चौकियों पर साप्ताहिक सामूहिक ध्यान सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए आत्मचिंतन, मानसिक शांति एवं आंतरिक ऊर्जा का अनुभव किया। इन ध्यान सत्रों का उद्देश्य केवल तनाव प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस कर्मियों के भीतर आत्मबल, धैर्य, संवेदनशीलता और सेवाभाव को सुदृढ़ करना भी है। ध्यान के माध्यम से उन्हें आत्मसंयम, एकाग्रता और सकारात्मक संवाद की प्रेरणा प्रदान की गई, जिससे वे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी संतुलित एवं सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण बनाए रख सकें। डीजीपी कैलाश मकवाना द्वारा स्पष्ट संदेश दिया गया है कि एक सशक्त और संवेदनशील पुलिस बल ही समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत कर सकता है। उनके मार्गदर्शन में संचालित यह पहल पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, सजग और मानवीय दृष्टिकोण के साथ समाज की सेवा के लिए और अधिक सक्षम बना रही है। टीकमगढ़ पुलिस की यह सकारात्मक पहल न केवल आंतरिक सुदृढ़ता का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि पुलिस बल अपने कर्मियों के कल्याण को सर्वोपरि रखते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

जिलेभर में आरोपियों के सत्यापन अभियान से अपराधियों में हड़कंप

# अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण करने एसपी का विशेष निगरानी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



अपराध नियंत्रण एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य के तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई द्वारा जिले में अपराधियों के विरुद्ध निरंतर, सतर्क एवं परिणामोन्मुखी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस विभाग के अनुसार यह विशेष निगरानी अभियान जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में एक परिणामोन्मुखी एवं प्रभावी पहल है। इस प्रकार के निगरानी एवं नियंत्रण अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि अपराध की पुनरावृत्ति पर स्थायी अंकुश लगाया जा सके।

पुलिस महानिरीक्षक, सागर जोन डॉ. हिमानी खन्ना एवं उप पुलिस महानिरीक्षक, छतरपुर रेंज विजय खत्री के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिले में पूर्व अपराधियों, निगरानीशुदा एवं सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिये विशेष निगरानी एवं सत्यापन अभियान संचालित किया गया। 21 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे व अभिषेक गौतम के पर्यवेक्षण में जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्व अपराधियों, गुंडा प्रवृत्ति के व्यक्तियों, निगरानीशुदा अपराधियों तथा हाल ही में जेल से रिहा व्यक्तियों का औचक एवं भौतिक सत्यापन किया गया। उक्त सत्यापन के दौरान संबंधित व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियों, रहन-सहन एवं संपर्कों की जानकारी एकत्र कर उन्हें भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त न होने की सख्त चेतावनी दी गई। 38 सक्रिय अपराधियों की पहचान कर उनकी गतिविधियों पर सीधी निगरानी स्थापित की गई। 34 निगरानीशुदा अपराधियों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर निगरानी रजिस्टर बनाया गया। 21 पूर्व सजायाफ्ता अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर पुलिस संपर्क मजबूत किया गया। 19 हाल ही में जेल से रिहा अपराधियों को विशेष निगरानी श्रेणी में लिया गया। इस अभियान के परिणामस्वरूप संभावित आपराधिक गतिविधियों पर प्रारंभिक स्तर पर नियंत्रण, असामाजिक तत्वों में निवारक प्रभाव तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना में वृद्धि हुई है।

चिन्हित अपराधियों से संवाद स्थापित कर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया गया। जो व्यक्ति अनुपस्थित पाए गए, उनके विरुद्ध वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई। रात्रिकालीन गश्त के दौरान संदिग्ध रूप से घूमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर संभावित घटनाओं को समय रहते निष्फल किया गया। उक्त अभियान का उद्देश्य जिले में अपराध की पुनरावृत्ति को रोकना, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण करना है।

चचेरे भाई के परिवार ने अपनी ही बहू-बेटियों को पीटा

# पानी विवाद को लेकर परिजनों के बीच जमकर चले लाठी डंडे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंचनपुरा में पानी को लेकर हुए विवाद ने जब हिंसक रूप लिया तब परिजनों ने आपस में ही लाठी डंडो से एक दूसरे की मारपीट कर दी। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ। पीड़ित पक्ष की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

रविवार सुबह करीब 11 बजे पानी भरने के विवाद पर एक ही परिवार के सदस्य आपस में भिड़ गए। चचेरे भाई के परिवार ने दूसरे घर में जाकर बहू-बेटियों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। उक्त घटना कंचनपुरा गांव में हुई, जिसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। पुलिस के बताये अनुसार मारपीट करने वाले दोनों पक्ष एक ही परिवार के सदस्य हैं। मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसके बाद दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। घायलों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर देहात थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष ने अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। देहात थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

जिले में एसआईआर कार्य पूर्ण, मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में 6 लाख से अधिक नाम सूची में दर्ज

# 37 हजार से अधिक नाम कटे, 7 हजार से अधिक जोड़े, बूथ संख्या भी बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर की प्रक्रिया कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के कुशल व गहन निर्देशन में संपन्न हो चुकी है और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी कर दिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप जिले की निर्वाचन संबंधी जो परिदृश्य सामने आया है। उसमे एसआईआर होने के बाद जिले से कुल 37 हजार 101 मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची से काटे गये हैं। साथ ही 7 हजार 782 नए मतदाता जोड़े गये है। जिले में 90 मतदान केन्द्रो को बढ़ाया गया है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने उक्त कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने में सहयोगी रहे अधिकारियो, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियो व आमजनों को बैठक व मीडिया कार्यशाला आयोजन करने के दौरान शुभकामनायें भी दी है।

### कलेक्टर ने बैठक व कार्यशाला आयोजित कर दी जानकारी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के बाद अंतिम प्रकाशन के संबंध में मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, जिला जनसंपर्क अधिकारी शेफाली तिवारी, तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उक्त बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रोत्रिय ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य जिले में किया गया। इस कार्य में राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए, बॉलेन्टियर, विभिन्न विभागों के सहयोगी कर्मचारियों तथा जिले के जागरूक मतदाताओं ने मिलकर समन्वय के साथ एसआईआर कार्य को बहुत ही अच्छे ढंग से सम्पन्न कराया है। उक्त सभीजन शुभकामनायें एवं बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया के पश्चात मतदाता सूची का गहन शुद्धीकरण किया गया है।

### एसआईआर में गहन शुद्धिकरण के बाद यह परिणाम आया सामने

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रोत्रिय ने जानकारी देते हुये बताया कि निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार जिले में अब कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 84 हजार 737 हैं, जिसमें 3 लाख 61 हजार 762 पुरूष मतदाता, 3 लाख 22 हजार 967 महिला तथा 8 अन्य मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एसआईआर के दौरान कुल 7 हजार 782 नये मतदाताओं के नाम जोड़े गये, जिसमें 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 2 हजार 910 तथा 20 वर्ष से अधिक उम्र के नवीन मतदाताओं की संख्या 4 हजार 879 है। इसके अलाबा जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या बढ़कर 898 हो गयी है।

### 808 के स्थान पर अब हुए 898 मतदान बूथ

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 23 दिसम्बर 2025 को निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। प्रारूप प्रकाशन के दौरान जिले में मतदाताओं की संख्या 6 लाख 76 हजार 955 थी, जिसमें 3 लाख 57 हजार 389 पुरूष, 3 लाख 19 हजार 557 महिला तथा 9 अन्य मतदाता शामिल है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के पूर्व जिले में कुल 808 मतदान केन्द्र थे, जिनमें 90 मतदान केन्द्रों को बढ़ाया गया। जिसके बाद अब जिले में वर्तमान में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 898 हो गईं है।

### 7 लाख से अधिक मतदाता थे दर्ज लेकिन गणनापत्रक हुए कम जमा

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 27 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 की घोषणा की गई। एसआईआर की घोषणा के दौरान जिले की मतदाता सूची में जिले में 7 लाख 14 हजार 056 मतदाता दर्ज थे, जिन्हें बीएलओ द्वारा 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 के मध्य गणना पत्र वितरित किये गये। लेकिन उक्त मतदाताओं में से 6 लाख 76 हजार 955 मतदाताओं द्वारा गणनापत्रक भरकर बीएलओ को वापिस किये गये। इन 6 लाख 79 हजार 655 मतदाताओं का पिछले एसआईआर 2003 से मिलान किया गया, जिसमें 6 लाख 69 हजार 952 मतदाताओं का एसआईआर 2003 से मिलान हुआ जबकि 7003 मतदाताओं का मिलान नहीं हुआ। जिसके परिणामस्वरूप एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 37 हजार 101 मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची से काटे गये। जिनके गणना पत्रक प्राप्त नहीं हुये। इनमें मृत, स्थानांतरित, पूर्व से दर्ज, अप्राप्त तथा अन्य मतदाता शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा पाने वाले खिलाड़ी जिले के बाहर नहीं खेल सके कोई प्रतियोगिता

# आदिवासी बच्चों की डाइट पर खर्च हो रहे लाखों रुपए, पोषित हो रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आदिवासी विकासखंड कराहल के विभिन्न स्कूलों, आश्रमों में रहकर पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को खेल कौशल में आगे बढ़ाने की कवायद सिर्फ कागजों में सिमटकर रह गई हैं। कराहल विकासखंड में संचालित 17 हाईस्कूल और 9 हायर सेकंडरी स्कूलों में नियमित रुप से खेल गतिविधियां संचालित कराने के उद्देश्य से नियुक्त किए गए 6 पीटीआई खेल परिसर के बजाए स्कूलों, छात्रावासों में अटैच किए गए हैं। जिस खेल परिसर में रह रहे खिलाड़ियों के नाम पर हर माह मिल रहे लाखों रुपए से युवा खिलाड़ियों के बजाए अफसरों का पोषण हो रहा है।लाखों रूपए खर्च कर अंतरराष्ट्रीय पेटर्न पर एथलेटिक्स खेल मैदान प्राप्त होने के बावजूद जिले की प्रतिभाएं जिले से बाहर अपना खेल कौशल तक प्रदर्शित नहीं कर सकी हैं।

स्कूलों में खेल गतिविधियां करने के लिए विभाग खेल कैलेंडर जारी करता है इस खेल कैलेंडर में संबंधित जिलों से उनके खिलाड़ियों की रुचि अनुसार खेलों को शामिल करने के अनुशंसा मांगी जाती है संबंधित जिलों के खेल अधिकारी अपने विद्यार्थियों के खेल में रुचि अनुसार खेलों को खेल कैलेंडर में कराते हैं जिसके तहत उक्त खिलाड़ियों की जिला स्तरीय, प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती है पर श्योपुर जिले में विगत कई सालों से खेल कैलेंडर ही नहीं बनाया गया है। आदिम जाति कल्याण विभाग ने स्कूली खेल प्रतियोगिता के लिए वर्ष 2025-26 का खेल कैलेंडर जारी तो किया गया है लेकिन इस खेल कैलेंडर में श्योपुर जिले का नाम गायब है। प्रश्न यह उठता है कि जब एक विद्यार्थी की डाइट पर सरकार हर माह 6 हजार रुपए खर्च कर रही है तो फिर इतना भारी भरकम खर्च करने के बावजूद विद्यार्थियों को खेल प्रतियोगिता में भागीदारी ही नहीं कराई जाए तो फिर लाखों रुपए उनकी डाइट पर खर्च करने का क्या औचित्य है।



### कागजों में संचालित खेल परिसर, गड़बड़ी का अंदेशा

जिला मुख्यालय स्थित खेल परिसर में तीनों विकासखंड पर खंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कराने के बाद अनुसूचित जनजाति वर्ग के 100 खिलाड़ियों का चयन खेल परिसर में रखकर उनका खेल कौशल बढ़ाने के लिए किया गया था जिसमें करीब 70 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, और इन खिलाड़ियों की डाइट के नाम पर अधिकारियों द्वारा हर माह 6 लाख रुपए आहरण किए जा रहे है. पर खेल परिसर में कभी दर्जन भर खिलाड़ी भी नहीं पहुंच रहे है। उधर आधा दर्जन खेल शिक्षक होने के बावजूद दो अतिथि खेल शिक्षक भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए रखे गए हैं पर मौके पर कभी भी इस स्टेडियम में विद्यार्थियों को खेल गतिविधियां करते हुए किसी खेल शिक्षक को नहीं देखा जाता है। सूत्रों की माने तो विभाग ने आदिवासी बच्चों का चयन खेल परिसर के लिए तो किया है लेकिन सिर्फ कागजों में ही यह कवायद की गई है। ऐसा अंदेशा है कि आदिवासी बच्चों के नाम पर आने वाला पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है।

### 100 खिलाड़ियों पर प्रतिदिन 20 हजार खर्च, फिर भी नहीं बना एक भी एथलीट

वर्ष 2013 में जिला मुख्यालय पर मव्य छात्रावास खोला गया। इस छात्रावास में जिलेमर से चयनित कर लाए गए 100 आदिवासी युवाओं को रखा गया। शासन की ओर से उक्त युवाओं को एथलीट बनाने के लिए खेल अधिकारी, खेल प्रशिक्षक सहित खाने-पीने की सभी सुविधाएं दी गई। छात्रावास में रह रहे युवाओं को खाना खिलाने के अलावा और कोई ऐसी गतिविधि नहीं कराई गई, जिससे उनके खेल कौशल में निखार आ सके। पहले एक युवा पर 100 रुपए खिलाड़ी बनाने के लिए खर्च किए जाते थे। बाद में इसे बढ़ाकर प्रति युवा 200 रुपए रोजाना कर दिया है। हर रोज 20 हजार रुपए खर्च करने के बाद भी इस परिसर से एक भी युवा ने विगत 11 वर्षों में जिले से बाहर जाकर संभाग या राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तक नहीं खेली हैं।

### इनका कहना है

ऐसा है तो दिखवाते हैं मैं भी जिले का भ्रमण करूंगा और आदिम जाति कल्याण विभाग से जुड़ी सभी गतिविधियों का जायजा लूंगा। साथ ही इस संबंध में कलेक्टर से रिपोर्ट मंगवाता हूं।

**ई. रमेश कुमार**
**प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग**

40 हजार रुपए कीमत की स्मैक और एक बाइक जब्त

# आवदा पुलिस ने स्मैक के साथ दबोचे तीन आरोपी,तीनों आपस में पिता पुत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आवदा थाना पुलिस ने अवैध नशा कारोबार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए स्मैक के साथ तीन आरोपियों को दबोचा है। तीनों आरोपी कराहल के निवासी है और आपस में पिता पुत्र है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 हजार रूपए की कीमत की स्मैक और एक बाइक पकडी है। एसडीओपी बडौदा अवनीत शर्मा ने बताया कि पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि श्योपुर तरफ से बाइक सवार तीन लोग स्मैक लेकर आ रहे है और आवदा क्षेत्र होते हुए कराहल की तरफ जा रहे है। इस सूचना पर आवदा थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद आवदा थाना पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बाइक सवार तीन लोगो को दबोच लिया है। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से करीब 40 हजार रूपए की स्मैक बरामद की है। पूछताछ के दौरान तीनो आरोपियों ने अपने नाम रोहित पुत्र घनश्याम खटीक, अभिषेक पुत्र घनश्याम खटीक, घनश्याम पुत्र मुन्नालाल खटीक निवासी अचार वाला सहराना कराहल बताया है। इस कार्रवाई में आवदा थाना प्रभारी डीएस मालवीय, एएसआई टीकाराम रावत, प्रआ रामदयाल आर्य, संतोष दोहरे, गोरेलाल, धर्मेन्द्र सिंह तोमर, रमेश पनोईया,रविन्द्र सिंह तोमर, आरक्षक विनोद कुशवाह, मदन पटेलिया की अहम भूमिका रही है।



### जिससे खरीदी स्मैक, उसे भी आरोपी बनाएगी पुलिस

एसडीओपी अवनीत शर्मा ने बताया कि पकडे गए तीनों आरोपी जहां से स्मैक खरीदकर लाए है,उनका भी पता लगाया जा रहा है। उनका पता करने के बाद उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी और उसे भी जेल भेजा जाएगा।

अंधेरा का फायदा उठाकर भागे भैंस चोर, पुलिस ने तीन चोरों को किया नामजद

# बरगवां के जंगल से हांकी 41 भैंसो को दो थानों की पुलिस ने घेराबंदी कर छुड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बरगवां थाना क्षेत्र के जंगल से हांकी गई 41 भैसों को बरगवां और गसवानी थाने की पुलिस ने घेराबंदी करके कूनो नेशनल पार्क के जंगल से छुडा लिया। इन भैसों को हांक कर ले जाने वाले भैस चोर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। लेकिन पुलिस ने भागे भैसे चोरों में से तीन को नामजद करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। एसडीओपी बडौदा अवनीत शर्मा ने बताया कि बरगवां थाना क्षेत्र के गांव डोब निवासी बन्ना जी पुत्र जयराम गुर्जर ने पिछले दिनों बरगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 41 भैसे चरने के लिए जंगल में छोडी गई थी,जिन्हें अलग अलग स्थानों से भैस चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। चोरी गई भैसों की कीमत 21 लाख रूपए से अधिक बताई गई है। इस मामले में एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने बरगवां और गसवानी थाना प्रभारी को अपनी अपनी टीम के साथ जंगल सर्चिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि भैस चोर कूनो नेशनल पार्क के जंगल से होकर हांककर मुरैना जिले की सीमा की तरफ ले जा रहे है। इसके बाद बरगवां थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर और गसवानी थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर अपनी अपनी पुलिस टीम के साथ जंगल सर्चिंग के लिए उतर गए। दोनों थानों की पुलिस ने जब कूनो के जंगल में घेराबंदी की तो भैस चोर 41 भैसों को जंगल में ही छोडकर भाग निकले। इसके बाद इन भैसों को भैस मालिक के सुपुर्द कर दिया और भैस चोरो कें खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एसडीओपी ने बताया कि तीन भैसे चोर तो नामजद हो गए है। जिनमें भिण्डा गुर्जर, आशा गुर्जर, पप्पू उर्फ लड्डू गुर्जर है। ये तीनों भैस चोर मुरैना जिले के निवासी बताए गए है। जिनकी तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में बरगवां थाना प्रभारी और गसवानी थाना प्रभारी के अलावा एएसआई वीरेन्द्र शर्मा, प्रआ दिनेश कुमार, आरक्षक रामअवतार सुदीप पाण्डे, सुनील तोमर, नीरज की अहम भूमिका रही है।



# प्रदर्शनः पुलिस से छीना झपटी के बीच एनएसयूआई ने फूंका भाजयुमो का पुतला



श्योपुर। इंदौर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े पर हुए हमले के विरोध में रविवार को एनएसयूआई ने भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) का पुतला फूंका। इस दौरान प्रदर्शन करने आए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से पुतला छीनने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद रही जो फायर ब्रिगेड गाड़ी से पानी की बौछार कर पुतले को बुझाने और पुतला छीनते देखी गई। जोरदार प्रदर्शन के बीच एनएसयूआई ने पुतला जला डाला। बाद मे एनएसयूआई ने स्थानीय पुलिस उनके कार्यकर्ताओं को पुतला जलाने से रोकने के नाम पर बर्बरता के आरोप भी लगाए। एनएसयूआई पदाधिकारी पीयूष शिवहरे ने बताया कि शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यालय पर पथराव किया जिसमें विपिन वानखेड़े सहित कई कांग्रेसियों को गंभीर चोटें पहुंचाई गई। भाजयुमो का यह कृत्य सोची समझी रणनीति ओर योजनाबद्ध तरीके से लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत विधानसभा में कांग्रेस नेताओं द्वारा सरकार से पूछे जा रहे सवालों को रोकने के लिए किया गया था ताकि विपक्ष सरकार के भ्रष्टाचार पर कोई सवाल न करे। भाजयुमो की इस पत्थरबाजी में कांग्रेस नेता विपिन वानखेड़े गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन करने से रोकने के लिए बल प्रयोग किया ओर छोटे छोटे बच्चे छात्र कार्यकर्ताओं को सड़क पर पटक कर पुलिस की मान मर्यादा को तार तार करने का काम किया। पुलिस का यह रवैया चिंताजनक और पक्षपातपूर्ण था। पियूष शिवहरे, सुरेंद्र मीणा , अभिषेक मीणा , अभिषेक राठौर, रोनी मीना, अंकित राठौर, मोहित धाकड़ आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जल है तो कल है, स्लोगन को समझने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जीवन की आधारशिला और मानव सभ्यता की जीवनरेखा। जब यह जल स्वच्छ और संरक्षित रहता है, तो केवल पर्यावरण ही नहीं, समाज का सामूहिक स्वास्थ्य और संतुलन भी सुदृढ़ होता है। जल की रक्षा सृष्टि की सुरक्षा है। जल है तो कल है, यह स्लोगन नहीं जीवन की सच्चाई है इसे समझने की जरूरत है। इस तरह का संदेश रविवार को नगदी नागदा स्थित नदी में सफाई अभियान चलाते हुए संत निरंकारी मिशन से जुडे पदाधिकारी व सदस्यों ने दिया। दरअसल संत निरंकारी मिशन का 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य एवं प्रेरणास्पद आयोजन रविवार को सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के मार्गदर्शन में भारतवर्ष के 25 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेश के 930 शहरों के 1600 से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में श्योपुर जिले में भी इस अभियान के तहत नगदी नागदा स्थित नदी में तीन घंटे सफाई अभियान चलाते हुए जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

## दो साल से खुदे पड़े रोड से आजिज आए वार्ड वासियों ने धरना देकर विरोध जताया



श्योपुर। विगत 2 साल से पाइपलाइन डालकर छोड़े गए गड्ढों से परेशान हो रहे वार्ड वासियों ने शनिवार को बस्ती की सड़क पर धरना देकर विरोध दर्ज कराया वार्ड वासियों का कहना है कि पार्वती जलावर्धन योजना के लिए ठेकेदार ने जो 2 साल पहले लाइन को दी थी उसका मेंटेनेंस ना तो संबंधित ठेकेदार ने किया है न हीं नगर पालिका उसमें रुचि ले रही है लोगों को आ रही परेशानियों से स्थानीय जनप्रतिनिधि और नगर पालिका परिषद को कोई लेना देना नहीं है।

इस्लामपुरा बस्ती वार्ड नंबर 16 माताजी के मंदिर के आगे तिराहे के पास धरने पर बैठे वार्ड वासियों का आरोप है कि उनके वार्ड में जगह पार्वती जलावर्धन योजना वालों ने पाइप लाइन डालने के लिए रोड को दिए हैं और उसमें पाइप लाइन भी डाल दी है लेकिन मेंटेनेंस नहीं हो रहा है कई जगह नपा की पाइप लाइन से दूषित पानी जलापूर्ति हो रही है। गड्ढों को भरने के लिए जब नगर पालिका जाते हैं तो वहां से जवाब मिलता है कि यह काम पार्वती जलावर्धन योजना वालों का है वही करेंगे और जब और पार्वती जलावर्धन वाले कौन है किसी को कोई पता नहीं है। इस बेचारे गरीब भदवासी रहे हैं समाजसेवी इमरान अंसारी ने बताया कि इस समय पवित्र रमजान माह चल रहा है और लोग रोजा रख कर इबादत करने में मशगूल है हम लोग जब मस्जिद में नमाज पढ़ने जाते हैं तो कीचड़ से भरे इन गढ़ों को लांघकर जाना पड़ता है जिससे गंदगी के कपड़ों पर आने का हमेशा खतरा बना रहता है।

# भाजपा ज़िंदाबाद के नारे लगाए शशांक भूषण का किया इस्तकबाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रविवार को भाजपा कार्यालय पर पहुंचे मुस्लिम समाज के कार्यकर्ताओं ने अकरम खान बालापुरा को अंजुमन कमेटी श्योपुर का सदर बनाए जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण का आभार जताते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिंदाबाद, शशांक भूषण जिंदाबाद के नारे लगाए।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष अकरम ख़ान को अंजुमन कमेटी श्योपुर के सदर ( अध्यक्ष ) बनाये जाने पर मुस्लिम समुदाय से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए स्वागत सत्कार से अभिभूत भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि अकरम खान जिस सम्मान के हकदार थे वो उन्हें दिलाया गया है। अन्य कार्यकर्ताओं जो भाजपा से जुड़े हैं के सम्मान में भी कभी कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ₹सबका विकास सबके साथ₹ नारे पर चलती है वह किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। उन्होंने स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुस्लिम समाज से आहवान किया कि राष्ट्रवादी सोच रखने वाले मुस्लिम समाज के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा खुले हैं यहां आपके साथ उसी तरह का अच्छा व्यवहार किया जाएगा जिसके आप हकदार हैं। भाजपा कार्यालय में बूथ लेबल के कार्यकर्ता का भी उसी तरह सम्मान होता है जैसा प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता का किया जाता है। इस दौरान उन्होंने नवागत सदर अकरम खान और उनकी टीम को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। जब भी ओर जहां भी चलने को बोलेंगे में उनके साथ मौजूद रहूंगा। उन्होंने नवागत सदर से आव्हान किया कि अंजुमन कमेटी मुस्लिम समाज में शिक्षा के गिरे स्तर को ऊंचा उठाने के लिए काम करे।



माशिमं के साथ स्कूल शिक्षा विभाग की परीक्षा होने से शिक्षकों के टोटे पड़े

# बोर्ड पैटर्न पर 5वीं, 8वीं की परीक्षा आयोजित कराने छूट रहे विभागीय अफसरों के पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कराई जा रही 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के साथ साथ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी 5वीं 8वीं परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित कराई जा रही है। वैसे तो जिले में दोनों ही परीक्षा चाक चौबंद व्यवस्था के बीच आयोजित कराई जा रही है लेकिन दोनों परीक्षा एक साथ होने से परीक्षा केंद्र में ड्यूटी देने वाले शिक्षकों के टोटे पड़ गए हैं। यह समस्या एसआईआर में शिक्षकों की ड्यूटी लगी होने के कारण भी निर्मित हुई है लेकिन कहीं प्रायवेट स्कूलों के शिक्षक तो कहीं अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर परीक्षा संपन्न कराने का काम किया जा रहा है।शिक्षण सत्र 2025-26 की परीक्षा 20 फरवरी शुरू हो चुकी है।

इस परीक्षा में श्योपुर जिले के 31 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। 28 फरवरी तक चलने वाली इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 लाख विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

डीपीसी भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होकर परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक विशेष पहल की गई है। विशेष आईटी पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मैपिंग, सामग्री वितरण, रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही उपस्थिति दर्ज करने, मूल्यांकन कार्य एवं अंकसूची जारी करने की व्यवस्था भी इसी पोर्टल से की जाएगी।



### जिले के 31 हजार से अधिक परीक्षार्थी दे रहे परीक्षा

डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि 5वी एवं 8वी की परीक्षाएं 20 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित रहेगी, इसके लिए जिले में 144 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, परीक्षा का समय दोपहर 02 बजे से सांय 4.30 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि 5वी, 8वी की परीक्षा में जिले के 31 हजार 652 विद्यार्थी शामिल होगे। कक्षा 5वी की परीक्षा में 16 हजार 923 तथा 8वी की परीक्षा में 14 हजार 729 विद्यार्थी भाग लेंगे।

### परीक्षा से वंचित न रहेगा कोई बच्चा

सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। कोई विद्यार्थी यदि किसी कारणवश परीक्षा तिथि तक पंजीकृत नहीं हो पाया था, तो उसे भी परीक्षा में शामिल करने के निर्देश केन्द्राध्यक्षों को दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों की तकनीकी जानकारी परीक्षा उपरांत दर्ज की जाएगी। पूरे प्रदेश में आयोजित हो रही इस परीक्षा में 86 हजार 109 शासकीय शालाओं, 23 हजार 980 अशासकीय शालाओं एवं 525 मदरसों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

### इनका कहना है...

10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा साथ चलने से शिक्षकों की कमी हो गई है हमने हर स्कूल में एक शिक्षक की उपलब्धता बनाए रखते हुए बाकी सभी सरकारी टीचरों को परीक्षा ड्यूटी में लगाया है प्राइवेट स्कूलों से भी टीचर ड्यूटी के लिए बुलाए गए हैं। अतिथि शिक्षकों से भी मदद ली जा रही है। कुछ शिक्षक बोर्ड परीक्षा कराने के साथ-साथ इस परीक्षा में भी ड्यूटी दे रहे हैं।

**भूपेंद्र शर्मा**
**डीपीसी श्योपुर**

# विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपेंगा भारतीय मजदूर संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भारतीय मजदूर संघ की एक बैठक शनिवार को श्री गिरवरधारी हनुमान मंदिर पर आयोजित हुई। जिसमें केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन करने और रैली निकालकर ज्ञापन सौपने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया है कि सोमवार को शाम 4 बजे स्टेडियम के पास धरना दिया जाएगा,इसके बाद रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन दिया जाएगा। इस प्रदर्शन के दौरान सभी कर्मचारी संगठनों सहित पेंशन एसोसिएशन पदाधिकारियों व सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति बनाए रखने का अनुरोध किया गया है।बैठक के दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष रामभजन मीणा, राज्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष मनोज पाराशर, सचिव रविन्द्र तोमर, पेंशनर्स संघ जिलाध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**

## जिले में मारपीट के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा कलां निवासी कलाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू और प्रीतम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भौंरा निवासी महेन्द्र सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरौद सिंगराना निवासी बृजेश जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 अज्ञात लोगों ने कलारी पर क्वार्टर लेने के दौरान उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से गोलू पुत्र कबूला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बृजेश जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## मुंगावली पुलिस में अवैध शराब प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कईं प्रकरण दर्ज किए हैं। मुंगावली पुलिस ने तोरण आदिवासी ग्राम वीडसरकार के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार ग्राम तारई निवासी दर्शन और राजकुमार कटारिया के पास से 20 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने ही बरखाना निवासी जितेन्द्र यादव के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार जियाजीगढ़ निवासी चंदन बागडी के पास से पुलिस ने 10 लीटर और रामस्वरूप बागडी के पास से भी पुलिस द्वारा 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है।

## मकान बिक्री के लिए एग्रीमेन्ट कराया, 2 पर मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले की कोतवाली थाने की पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर मकान बिक्री के लिए एग्रीमेन्ट कराये जाने के बाद 2 लाख रूपए देन और 30 लाख रूपए आज दिनांक तक न देने पर पुलिस ने 2 आरोपियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। यह शिकायत प्रियंका शर्मा पत्नि धर्मेन्द्र शर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 20 शांतिनाथ मंदिर मार्ग द्वारा की गई थी। शिकायत में महिला ने कहा है कि उनका 15 वाय 40 फीट का 3 मंजिला मकान है जिसमें उनका परिवार निवास करता है। 2024 में उन्होंने वह मकान 32 लाख रूपए में बेचने की मौखिक चर्चा धमेन्द्र रघुवशी निवासी तुलसी सरोवर अशोकनगर और सुनील रघुवंशी निवासी मगराना थाना म्याना जिला गुना से की थी। सुनील रघुवंशी ने महिला के पति के मोबाइल नम्बर पर फोन पे के माध्यम से 2 लाख रूपए की राशि अलग अलग तारिखों में भेजी, जिसके बाद 8 जनवरी को दोनों आरोपियों ने महिला को रजिस्टार ऑफिस और तहसील में बुलवाया, जहां एग्रीमेन्ट कराया गया। एग्रीमेन्ट से पहले धर्मेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि बकाया राशि उनकी कार में रखी है, और रजिस्ट्रार के सामने पूरे पैसे देने की बात कही। एग्रीमेन्ट पूरा होने के बाद वह आश्वासन देते रहे। जब महिला और उसके पति ने बांकी के 30 लाख रूपए मांगे तो उन्होंने शिवपुरी जाने की बात कहकर टाल मटोल कर दी। पीड़ति का आरोप है कि दोनों ने मिलकर साजिश की है। मामला दर्ज किया है।

## होलाष्टक 24 से 03 मार्च तक, नहीं हो सकेगें मांगलिक कार्य।

अशोकनगर। 24 फरवरी से होलाष्टक प्रारंभ हो रहे हैं जो 3 मार्च तक चलेगें, 03 मार्च को होलिका दहन के साथ इनका समापन होगा। 8 दिनों तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं हो सकेगें, 3 मार्च को चन्द्रग्रहण हैं, इस ग्रहण की समाप्ति का समय शाम 6:47 बजे है। ग्रहण की समाप्ति के बाद ही होलिका दहन हो सकेगा। इस बार खगासचन्द्र ग्रहण रहेगा, इस दौरान विभिन्न ज्योतिष्यिों का मत है कि इन 8 दिनों में नाकारात्मक ऊर्जा से बचने के लिए हवन पूजन आदि किया जाए। होलाष्टक 24 फरवरी से सुबह 7 बजकर 2 मिनट से प्रारंभ होगें और समापन 3 मार्च होलिका दहन से समाप्त होंगे।

# जीवन में एक ही सूत्र अपनाना चाहिए, हम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा : पंडित राम शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की कार्यक्रम अधिकारी मृणालिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन कई महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक गतिविधियां संपन्न हुईं। दिन की शुरुआत में सभी स्वयंसेवक छात्राओं ने जीवन में मानवीय मूल्यों को अपनाने और उनके संरक्षण की सामूहिक शपथ ली। इसके पश्चात आयोजित 'बौद्धिक चर्चा' सत्र में विषय विशेषज्ञों ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित राम शर्मा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में एक ही सूत्र अपनाना चाहिए हम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा।

उन्होंने साहस और दृढ़ निश्चय पर जोर देते हुए कहा कि नदी के बहाव के साथ तो हर कोई बहता है, लेकिन जो उल्टी धारा में बहने का साहस रखता है, असल में वही बहादुर होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जीआरपी कांस्टेबल अखिलेश यादव ने छात्राओं को वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया। उन्होंने सभी को सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात नंबर से आने वाली कॉल्स को न उठाएं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने छात्राओं को प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति के लिए छात्राओं को हमेशा अपनी पॉकेट में एक डायरी रखनी चाहिए, जिसमें जरूरी नंबर लिखे हों। साथ ही, उन्होंने बदलते युग के साथ कदमताल करने पर जोर देते हुए कहा कि युवतियों को बाइक या स्कूटी चलाना भी सीखना चाहिए, ताकि वे पूरी तरह से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बन सकें।

# पेंशनर्स की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो फिर भोपाल में होगा जंगी प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संगठन मध्य प्रदेश भोपाल की स्थानीय तहसील शाखा के पेंशनर्स की बैठक हुई। अध्यक्ष आरके जैन ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग के पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण यदि फरवरी माह में नहीं होता है तो मार्च माह के प्रथम सप्ताह में इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। मध्य प्रदेश शासन पेंशनर्स की न्याय उचित मांगों पर ध्यान नहीं देने के कारण मार्च माह में भोपाल में जंगी प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। बीना तहसील के सभी पेंशनर्स इस जंगी प्रदर्शन में भाग लेंगे और शासन को नींद से जगाने का प्रयास करेंगे। बैठक में डॉक्टर एपी बुखारिया, एलएन पाठक, आरके तिवारी, बृज मोहन तिवारी, पीएल रैकवार, मलखान सिंह, केके दुबे, मनीराम चढ़ार, निरंजन सिंह ठाकुर ,केसी सकवार, नारायण सिंह ठाकुर, देवी प्रसाद सेन, विश्वनाथ विश्वकर्मा सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे और अपने-अपने सुझाव बैठक में रखे।

## इस बार व्हीआईपी पार्किंग 3 भागों में बांटा, दो नए वैकल्पिक मार्ग भी बनाए

# करीला में 20 लाख लोगों की सुरक्षा दृष्टि से डेढ़ हजार जवान तैनात होंगे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के प्रसिद्ध करीला मेले के आयोजन में अब महज 15 दिन षेष रह गए हैं। ऐसे में तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इस बार भी मेला को सफल बनाने के लिए पुलिस कमर कस कर मैदान में उतर गई है। मेले में ग्वालियर संभाग से करीब 1500 जवानों की तैनाती की जाएगी, जिनमें डीएसपी, टीआई, एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षकों के अलावा नगर सैनिक, ग्राम रक्षा समिति, होमगार्ड, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित सषस्त्र पुलिस बल के जवान सम्मिलित रहेंगे।

विभाग द्वारा मेला आयोजन के लिए पिछले मेलों में काम कर चुके अनुभवी पुलिसकर्मियों की सूची भी बनाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार जिले सहित अन्य जिलों में पदस्थ ऐसे करीब सौ पुलिसकर्मियों को मेले में अहम जिम्मेदारी दी जाएगी, जिन्हे पिछले कई मेलों के आयोजन का अनुभव है। करीला बीट में लंबे समय तक पदस्थ रहे एक एएसआई तेज सिंह परिहार को भी मेला अवधि तक बहादुरपुर थाने में अटैच कर दिया गया है वहीं बहादुरपुर थाना प्रभारी रहकर दो बार मेला आयोजन करा चुके वर्तमान में मुंगावली थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद कछुवाह को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

### व्हीआईपी पार्किंग तीन भागों में बांटी गई

बताया गया है कि मंदिर के पीछे बनाई जाने वाली पार्किंग, जिसे अब तक व्हीआईपी पार्किंग कहा जाता था, पिछले मेलों में अत्यधिक वाहनों के दबाव को देखते हुए इस पार्किंग को तीन भागों में बांटा गया है। मंदिर के सबसे नजदीक व्हीव्हीआईपी पार्किंग होगी, जिसमें मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेष सरकार के मंत्रियों जैसी हस्तियों के लिए वाहन खड़े होंगे। इसके नीचे व्हीआईपी र्पािर्किंग होगी, जिसमें सांसद, विधायक एवं अन्य बड़े जनप्रतिनिधियों और बड़े अधिकारियों के वाहन पार्क होंगे। इसके दांई ओर मेला आयोजन में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वाहन खड़े करने के लिए प्रषासनिक पार्किंग बनाई गई है।

### मेला परिसर में वाहनों का प्रवेश रोकने खोदे कंटूर ट्रेंच

पुलिस ने इस बार पंद्रह दिन पहले से ही मेला और मंदिर परिसर को चारों ओर से एक सुरक्षा घेरे में कैद करने का प्रयास षुरु कर दिया है। किसी भी दिषा से कोई भी वाहन बिना किसी निर्धारित मार्ग के मंदिर एवं मेला परिसर में प्रवेष न कर सके। इसके लिए पहाड़ियों के चारों ओर जेसीबी से नाली बनाई जा रही है और कंटूर ट्रेंच खोदे जा रहे हैं। बड़ी संख्या में स्टॉपर और बैरीकेड भी करीला पहुंच चुके हैं, जिन्हे प्रमुख मार्गों, मंदिर परिसर सहित अन्य स्थानों पर जमाया जा रहा है।

### जाम के इंतजाम के लिए दो नए वैकल्पिक मार्ग तैयार

मेले में आने वाले वाहनों को निर्धारित मार्ग पर जाम में फंसने के दौरान बाहर निकालने के लिए दो वैकल्पिक मार्ग तैयार किए गए हैं। जिनमें से एक मार्ग व्हीआईपी मार्ग से झूला सेक्टर के पीछे से होता हुआ बामौरी षाला तिराहा तक पहुंचेगा। वहीं एक मार्ग बामौरीषाला से लालमन चक्क, बगवा, गुपलिया होते हुए बंगला चैराहा तक पहुंचेगा। इन दोनों मार्गों पर एक महीने पहले से काम किया गया है। यह दोनों ही मार्ग लगभग पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं।

## यादव जी की लव स्टोरी विवादित फिल्म पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर यादव महासभा ने ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यादव जी की लव स्टोरी विवादित फ़ल्मि पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर यादव महासभा ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस फिल्म का निर्माण ओम ठकुरानी प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। इस फिल्म के पोस्टर, ट्रेलर एवं सोशल मीडिया प्रचार सामग्री में यादव समाज की छवि को एक वर्ग विशेष के संदर्भ में जिस प्रकार प्रस्तुत किया गया है, उसने समाज की भावनाओं को गहराई से आहत किया है। यादव समाज सदैव राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में अग्रणी रहा है, ऐसे में यदि किसी माध्यम से समाज की गरिमा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता प्रतीत हो, तो स्वाभाविक रूप से व्यापक स्तर पर पीड़ा और रोष उत्पन्न होता है। वर्तमान परिस्थितियों में मध्यप्रदेश सहित समस्त देश के करोड़ों समाजजनों के हृदय में चिंता, असंतोष एवं रोष का वातावरण निर्मित हो रहा है। हमारा उद्देश्य किसी प्रकार का विवाद या टकराव उत्पन्न करना नहीं है, अपितु सामाजिक सौहार्द और पारस्परिक सम्मान की रक्षा करना है। जिसे लेकर ज्ञापन में मांग की गई है कि इस फ़ल्मि के प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर इस विवादित फ़ल्मि की निष्पक्ष एवं गहन जाँच सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही, इस अत्यंत संवेदनशील विषय को केन्द्रीय नेतृत्व के संज्ञान में लाकर व्यापक स्तर पर उचित निर्णय की पहल कर इस फिल्म पर राष्ट्रीय स्तर पर रोक लगाई जाए। ताकि किसी भी प्रकार की जातिगत भावनाएँ भड़कने से रोकी जा सके और सामाजिक समरसता अक्षुण्ण बनी रहे।

# 5वीं और 8वीं परीक्षा में निगरानी, अब तक 2 पेपर हुए

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। नईसरायं तहसील में 5वी व 8वीं के दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें हाई सेकेंडरी स्कूल और जीवाजी पब्लिक हाई स्कूल परीक्षा केंद्र मनाया गया है। परीक्षाओं को संपन्न कराने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में जीवाजी पब्लिक स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र का विकासखंड स्रोत समन्वयक बीआरसी राजकुमार रघुवंशी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

### सुचारू व्यवस्थाओं पर दिया जोर

निरीक्षण के दौरान बीआरसी राजकुमार रघुवंशी के साथ जनशिक्षक सीएसी अरुण कुमार रघुवंशी भी उपस्थित रहे। जीवाजी पब्लिक हाई स्कूल में 335 छात्र-छात्राएं पांचवी आठवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं इसमें 174 बच्चे कक्षा 5 में और 161 बच्चे कक्षा 8 में परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होकर 28 फरवरी तक चलेंगी। आज गणित का पेपर कक्षा 5 और कक्षा 8 में था जिसमे अधिकारियों ने परीक्षा हॉल का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था और उपस्थिति पत्रकों की जांच की। इस दौरान केंद्र अध्यक्ष हरवेंद्र सिंह रघुवंशी ने अधिकारियों को केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने दिए दिशा-निर्देश बीआरसी ने केंद्र अध्यक्ष हरवेंद्र सिंह रघुवंशी एवं वहां तैनात पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा संपन्न कराई जाए। उन्होंने उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन और सीलिंग की प्रक्रिया को भी देखा और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं चाक-चैबंद हैं। केंद्र अध्यक्ष और उनकी टीम को निर्देशित किया गया है कि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हो।



# रक्तदान को बढ़ावा व जागरुकता लाने ब्लड मॉटिवेशन कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने एवं आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य ब्लड मॉटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को अग्रवाल पैलेस स्टेशन रोड़ अशोकनगर में किया गया।

कार्यक्रम में नियमित ब्लड कैम्प आयोजित कराने वाले समूह, ग्रुप, समाजसेवी जैसे-रेडकॉस सोसाईटी, पतंजली योग्यपीठ, एचडी.एफ.सी. बैंक, एस.बी.आई. बैंक, लाईस क्लब, रोटरी क्लब इत्यादि एवं प्रशासनिक व जनप्रतिनिधियों का सम्मान हेतु सादर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में डी.एफ.ओ., प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, ब्लड मॉटिवेशन हेतु पधारी डॉ अपराजिता तौमर पेथोलॉजिस्ट मेडिकल कॉलेज शिवपुरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अल्का त्रिवेदी द्वारा सम्मान स्वरूप मेडल पहनाकर ब्लड कैम्प आयोजनकर्ताओं का स्वागत व सम्मान किया। इसमें ब्लड मॉटिवेशन हेतु पधारी डॉ अपराजिता तौमर पेथोलॉजिस्ट मेडिकल कॉलेज शिवपुरी द्वारा ब्लड डॉनेशन करने से होने वाले फायदे की विस्तृत जानकारी दी। ब्लड की उपयोगिता को विस्तारपूर्वक केम्प आयोजनकर्ताओं के समक्ष रखा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद

# मतदाता संख्या 6 लाख 24 हजार 466 पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी कार्यक्रम के तहत जिले में मतदाता सूची को शुद्ध पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का संचालित की गई। एसआईआर के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतिम प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले में कुल 06 लाख 24 हजार 466 मतदाता है। जिसमें 02 लाख 96 हजार 843 महिला मतदाता, 03 लाख 27 हजार 613 पुरूष मतदाता तथा 10 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में कुल 02 लाख 14 हजार 695 मतदाता है, जिसमें 01 लाख 02 हजार 539 महिला मतदाता,01 लाख 12 हजार 151 पुरूष मतदाता तथा 05 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है।विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी में कुल 01 लाख 96 हजार 569 मतदाता है,जिसमें 93 हजार 537 महिला मतदाता,01 लाख 03 हजार 28 पुरूष मतदाता तथा 04 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली में कुल 02 लाख 13 हजार 202 मतदाता है,जिसमें 01 लाख 767 महिला मतदाता,01 लाख 12 हजार 434 पुरूष मतदाता तथा 01 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। जिले में कुल 89 सेवा मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 33,चंदेरी में 28 तथा विधानसभा मुंगावली में 28 सेवा मतदाता है।

**85 वर्ष से अधिक आयु के 2429 एवं 18-19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 12454 हुई :** जिले में 18-19 वर्ष के कुल 12454 मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 3980,चंदेरी में 3721 तथा विधानसभा मुंगावली में 4753 सेवा मतदाता है। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 2429 मतदाता शामिल है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 893,चंदेरी में 711 तथा विधानसभा मुंगावली में 825 मतदाता है।

**जिले में कुल 8523 दिव्यांग मतदाताः** जिले में कुल 8523 दिव्यांग मतदाता है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 3087,चंदेरी में 2374 तथा विधानसभा मुंगावली में 3062 मतदाता है। जिले का ईपी रेश्यों कुल 58.03 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 60.45,चंदेरी में 55.55 तथा विधानसभा मुंगावली में 58.08 है। जिले का जेण्डर रेश्यों कुल 906 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 914,चंदेरी में 908 तथा विधानसभा मुंगावली में 896 है।

**जिले में कुल 843 मतदान केन्द्रः** कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 843 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में 297,चंदेरी में 262 तथा विधानसभा मुंगावली में 284 मतदान केन्द्र शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची की विधानसभा वार प्रतियां प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 की स्थिति में जिले में कुल 06 लाख 16 हजार 76 मतदाता थे। जिसमें 02 लाख 93 हजार 87 महिला मतदाता,03 लाख 22 हजार 980 पुरूष मतदाता तथा 09 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल थे। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में कुल 02 लाख 12 हजार 339 मतदाता थे।

## पंजाबी महिला समिति ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत गुरुद्वारा साहिब में सफाई अभियान चलाया



**अशोकनगर।** पंजाबी महिला समिति द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत चैथे प्रोजेक्ट के रूप में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्री गुरुद्वारा साहिब में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस सेवा कार्य में समिति के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्री गुरुद्वारा साहिब मे साफ-सफाई की। गुरु घर की सेवा सबसे बड़ा सौभाग्य है,सेवा ही सच्ची श्रद्धा है। गुरु के दरबार में झुककर किया गया हर काम जीवन को सफल बनाता है। तन, मन और धन से गुरु घर की सेवा करना हमारा धर्म है। गुरु घर की सफाई और सेवा, आत्मा की शुद्धि का मार्ग है। सेवा से ही सच्ची श्रद्धा प्रकट होती है। गुरु घर में की गई छोटी से छोटी सेवा भी प्रभु तक पहुँचती है। समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने बताया कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज में सेवा, समर्पण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। श्री गुरुद्वारा साहिब में सफाई सेवा के माध्यम से सदस्यों ने यह संदेश दिया कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। गुरु घर की सेवा में गायत्री अरोरा के साथ सचिन मीता सदाना, कोषाध्यक्ष सुषमा छाबड़ा, पवन ,अजिंदर, रोशनी, सोनू,कुसुम, रश्मि, प्रिया, नेहा, रिंकी, पूनम, प्रियंका सविता आदि अनेक सदस्यों ने बढ़- चढ़कर अपना सहयोग दिया।